स्थापना:1964 पंजीकृत:6066

अखिल गुजरात कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज

कार्यालय:FF-11, , मधुरम कोम्प्लेक्स, केशव नगर,
सुभाष ब्रिज, अहमदाबाद-380027.
Email–president@kanyakubjbrahmansamaj.org
www.kanyakubjbrahmansamaj.org



आदरणीय महोदय,

अपने समाज के लिए यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि सन 1964 से नियमानुसार यथा समय वार्षिक साधारण सभा में नई कमिटी का गठन करवा करके कार्यक्रमों का सफलता पूर्वक आयोजन होता चला आ रहा है | इसी श्रंखला में निश्चित अवधि के अंतर्गत अगली नई कमिटी (वर्ष 2025 से 2028 ) का गठन आवश्यक है जिससे समस्त कार्य भविष्य में भी सुचारू रूप से चलाए जा सकें|

# वार्षिक साधारण सभा

दिनांक 14-09-2025 दिन रविवार समय सायं 4 बजे से समाज कार्यालय परिसर पर

## सामान्य सभा का एजेन्डा

1.पिछले तीन वर्षों में स्वर्गवासी सदस्यों को श्रद्धांजलि

2.पिछली साधारण सभा के मिनिट्स का वाचन

3.पिछले तीन वर्ष की तुलना पत्र ( बैलेंस शीट) की स्वीकृति

4.आगामी वर्षों के लिए लेखा परीक्षक की नियुक्ति

5.आगामी तीन वर्षों के लिए चुनाव अधिकारी श्री हरिवदन जी मिश्र, वरिष्ठ अधिवक्ता, की देखरेख में नई कार्यकारिणी का गठन/चुनाव

6.सभा के अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों पर चर्चा/निर्णय

7.आभार प्रस्ताव

| | |
|---|---|
| प्रत्याशी नामांकन पत्र भरने की अंतिम दिनांक | : 31-08-2025 रविवार समय : सायं 3 से 5 समाज के कार्यालय पर |
| नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम दिनांक | : 07-09-2025 रविवार समय : सायं 5 बजे |
| नामांकन पत्र सत्यापन की दिनांक | : 10-09-2025 बुधवार समय : सायं 5 बजे |

**:नियम:**

1) कार्यकारिणी समिति के प्रत्याशी को समाज का सदस्य होना आवश्यक है|
2) अध्यक्ष,उपाध्याक्ष, कोषाध्यक्ष,महामंत्री, मंत्री, महिला मंडल प्रमुख, युवक मंडल प्रमुख आदि पदाधिकारी पदों के लिये प्रत्याशी कम से कम 5 वर्ष पूर्व समाज का सदस्य होना आवश्यक है|
3) युवक मंडल प्रमुख की आयु 35 वर्ष से कम होना चाहिए और समाज का सदस्य होना आवश्यक है|
4) निश्चित की हुई तारीख को 5.00 बजे तक ही चुनाव अधिकारी नामांकन पत्र स्वीकार करेंगे,विलम्ब से प्राप्त नामांकन पत्र स्वतः रद्द माने जायेंगे |
5) नामांकन पत्र हाथों हाथ देकर उसकी प्रतिलिपि पर चुनाव अधिकारी के प्राप्ति के हस्ताक्षर दिनांक एवं समय अवश्य लिखवा लें अथवा रजिस्टर ए.डी. द्वारा भेज सकते हैं| लेकिन रजिस्टर ए.डी. द्वारा नामांकन पत्र चुनाव अधिकारी को 30-08-2025 तक मिलना आवश्यक है|
6) नई कमिटी का गठन सर्व सम्मति से संपन्न हो सके तो इससे अपना सबका गौरव बढेगा तथापि आवश्यकता पड़ने पर उपस्थित सदस्यों द्वारा मतदान करके बहुमत प्राप्त प्रत्याशी को चुना जा सकेगा |
7) नामांकन पत्र भरनेवाले पत्येक प्रत्याशी को आधार कार्ड की प्रति लिपि संलग्न करना अनिवार्य है, अन्यथा नामांकन पत्र रद्द कर दिया जायेगा |
8) चुनाव सभा में कोई भी ऐसा व्यक्ति जो समाज का सदस्य ना हो वह उपस्थित नहीं रह सकेगा |
9) नामांकन पत्र भरने हेतु प्रत्येक सदस्य का उपस्थिति रजिस्टर (मिनट बुक) में अपने नाम के साथ सदस्यता क्रमांक लिखना अनिवार्य है | सदस्यता क्रमांक वेब साईट www.kanyakubjbrahmansamaj.org पर से प्राप्त किया जा सकता है |
10) इसके अतिरिक्त बाद में बने हुए सदस्य को रशीद दिखाकर मताधिकार हेतु उसका नंबर लिखना होगा |
11) प्रस्तावकर्ता और समर्थनकर्ता दोनों को समाज का सदस्य होना अनिवार्य है |

## गठन/चुनाव अधिकारी

नाम: : श्री हरिवदन मिश्र

पता : प्लाट नं. 343, सेक्टर 1 सी, गांधीनगर , मोबाइल नं. : 9924175757

आशा ही नहीं पूर्ण विश्वाश है कि अपनी परम्परा अनुसार अत्यंत सौहार्द पूर्ण वातावरण में नई कमिटी का गठन/चुनाव कार्य संपन्न होगा क्योंकि यह सेवा का कार्य है जसमे तन, मन और धन लगाकर कार्य करने का सौभाग्य प्राप्त होता है| फलस्वरूप समाज की समस्त दिशाओं में प्रगति एवं परस्पर के सामंजस्य में अभिवृध्धि होती है |

**सम्पूर्ण सहकार की अपेक्षा सह**

विशेष: नामांकन - पत्र इसके साथ संलग्न है |

**आपका**

**बालेन्दु अग्निहोत्री** **राजेश अवस्थी**

**महामंत्री** **अध्यक्ष**

**समस्त अखिल गुजरात कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज,अहमदाबाद**

## नामांकन - पत्र

आदरणीय गठन/चुनाव अधिकारी श्री,

मेरा ........................................................... पद के लिए प्रदत्त नामांकन - पत्र स्वीकार करने की कृपा करें |

दिनांक : ..........................

प्रत्याशी का पूरा नामः :....................................................................................

प्रत्याशी का सदस्यता क्रमांक :......................

प्रत्याशी के हस्ताक्षर : ..................................

समर्थनकर्ता का नाम व हस्ताक्षर :...................................

समर्थनकर्ता का सदस्यता क्रमांक : ...............

प्रस्तावकर्ता का नाम व हस्ताक्षर :...................................

प्रस्तावकर्ता का सदस्यता क्रमांक : .........................